# आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

## पाँचवी बैठक
दिनांक - 08/07/2019

आज दिनांक 08/07/2019 को IQAC की बैठक अपरान्ह 2:00 बजे प्राचार्य कक्ष मे प्राचार्य / चेयरमेन की अध्यक्षता मे सत्र 2019-20 की प्रथम बैठक आयोजित की गई जिसकी कार्यवाही का विवरण इस प्रकार है।

1) सर्वप्रथम प्राचार्य द्वारा समिति के सदस्यो का स्वागत करते हुए कार्यवाही की शुरुआत की गई समिति के संयोजक डॉ. मुकेश कुमार त्यागी ने बैठक के एजेण्डे की बिन्दुवार जानकारी दी।

2) सर्वप्रथम हुए पूर्व की बैठक मे लिए गए निर्णयो की समीक्षा की गई और अधूरे कार्यों / गतिविधियो को शीघ्र पूर्ण करने के लिए कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया।

3) कैम्पस की नियमित साफ-सफाई जारी रखने का संकल्प दोहराया गया। इसके लिए छात्र-छात्राओ के साथ-साथ शिक्षको की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।

4) समिति ने शासन द्वारा निर्धारित शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार समस्त गतिविधियाँ संचालित करने का निर्णय लिया गया इसके लिए छात्र संगठन, unit एवं सत्र परिचय, खेलकूद की गतिविधियाँ आदि पठन-पाठन के साथ समय पर संपन्न हो सके।

5) समिति ने कक्षाओ की बेहतर संचालन को बढावा देने, छात्र छात्राओ की अधिकतम उपस्थिती सुनिश्चित

करने, शिक्षकों के लिए शैक्षणिक डायरी विधिवत् संधारण करने और वर्ष भर शैक्षणेत्तर गतिविधियों को संचालित करने और उसमे विद्यार्थियों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने पर बल दिया।

6) समिति ने स्नातकोत्तर कक्षाओं में अधिकतम गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर बल दिया ताकि Assignment निर्धारित समय पर पूर्ण करने पर बल दिया गया।

7) समिति ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए एक-दिवसीय ओरिएन्टेशन प्रोग्राम की आवश्यकता पर विचार किया और इसे कार्यान्वित करने का निर्णय लिया। जिससे महाविद्यालय में बेहतर अकादमिक माहौल बन सके।

8) समिति ने महाविद्यालय में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए 15 अगस्त के पूर्व वृक्षारोपण करने का निर्णय लिया गया।

बैठक के अंत मे समिति के संयोजक डॉ मुकेश कुमार त्यागी के आभार ज्ञापन के साथ ही बैठक का समापन हुआ

आज की बैठक मे निम्नांकित सदस्य उपस्थित रहे।

1) श्री शिवराम सिंह श्याम (सहा. प्राध्यापक वाणिज्य) [signature]
2) डॉ. डी.पी. चन्द्रवंशी (सहा. प्राध्यापक हिन्दी) [signature]
3) श्री सुरेश सिंह कुंवर (सहा. प्राध्यापक समाजशास्त्र) [signature]
4) श्री रामचन्द्र कुम्भकार (सहायक ग्रेड-3) [signature]
5) श्री दीपक गुप्ता (प्रयोगशाला तकनीशियन) [signature]
6) सुभावती चन्द्रवंशी [signature] Subhawati

[signature]
डॉ मुकेश कुमार त्यागी
संयोजक (IQAC)

[signature]
डॉ. [stamp] कुमार लाल
प्राचार्य
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय
पाण्डातराई, जिला-कबीरधाम छ.ग.

# आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

छठवीं बैठक
दिनांक 05/10/2019

आज दिनांक 05/10/2019 दिन शनिवार को IQAC की बैठक प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में प्राचार्य कक्ष मे अपरान्ह 2:00 बजे आमंत्रित की गई बैठक मे निम्नलिखित बिन्दुओ पर विचार विमर्श किया गया और तदानुसार निर्णय लिए गए।

1) सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय द्वारा समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए कार्यवाही की शुरुआत की गई। समिति के संयोजक डॉ. मुकेश कुमार त्यागी ने आज की बैठक की कार्यसूची प्रस्तुत की।

2) कार्यवाही के प्रथम क्रम मे पूर्व मे प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की गई और अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने पर बल दिया गया। जिससे समय सीमा मे सभी कार्य सम्पन्न हो सके।

3) महाविद्यालय के वार्षिक पत्रिका "स्पन्दन" के प्रकाशन के लिए रचनाए आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। छात्र-छात्राओ के साथ-साथ शिक्षक भी अपनी रचनाए देकर प्रकाशन मे सहयोग करेंगे। रचनाओ के साथ मौलिकता का प्रमाण पत्र भी लिया जाएगा।

4) विगत दिनों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती का शुभारम्भ हुआ है इस अवसर पर वर्ष भर गांधी जी के विचारधारा, चिंतन, कार्यों और मूल्यों पर कार्यक्रम के आयोजन का निर्णय लिया गया।

5) छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए और उनमे सूचना प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को बताता देने के लिए E-Mail बनाने की कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक के अंत मे समिति के संयोजक डॉ मुकेश कुमार त्यागी के आभार प्रदर्शन के साथ ही बैठक समाप्त हुई।

आज के IQAC की बैठक मे निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे।

(1) श्री शिवराम सिंह श्याम (सहायक प्राध्यापक वाणिज्य)
(2) डॉ. डी पी. चन्द्रवंशी (सहा. प्राध्यापक हिन्दी)
(3) श्री रामचन्द्र कुम्भकार (सहायक ग्रेड-3)
(4) श्री दीपक कुमार गुप्ता (प्रयोगशाला तकनिशियन)
(5) सुभाषनी चन्द्रवंशी Subhashni

डॉ. मुकेश कुमार त्यागी
संयोजक / IQAC

डॉ अविनाश कुमार लाला
प्राचार्य/अध्यक्ष

प्राचार्य
अटल बिहारी वाजपेयी
शासकीय महाविद्यालय
पाण्डातराई,जिला-कबीरधाम(छ.ग.)

Scanned with CamScanner

# आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

## सातवीं बैठक

दिनांक - 04/[illegible]/2020

आज दिनांक 04/[illegible]/2020 को IQAC की सातवीं बैठक प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में प्राचार्य कक्ष में अपरान्ह को 2:00 बजे से आयोजित की गई आज की बैठक के कार्यवाही का विवरण इस प्रकार है

1) सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय द्वारा समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए कार्यवाही की शुरुआत की गई। IQAC के संयोजक डॉ. मुकेश कुमार त्यागी ने सदस्यों को बैठक के एजेंडे की बिन्दुवार जानकारी दी।

2) समिति ने प्रथमतः पूर्व प्रस्तावित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किए।

3) समिति ने पाठ्यक्रम प्रगति की वर्तमान स्थिति और विद्यार्थियों की उपस्थिती पर विशेष ध्यान देने का निर्णय लिया।

4) समिति ने महाविद्यालय के प्रस्तावित वार्षिकोत्सव की रुपरेखा तय की और खेलकूद, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए आयोजन का निर्णय लिया

5) समिति ने विद्यार्थियों से feedback लेने के लिए डॉ. D.P. Chandrawanshi सहायक प्राध्यापक हिन्दी को प्रभारी नियुक्त किया। feedback के विश्लेषण के आधार पर पठन-पाठन में आवश्यक सुधार करने का भी निर्णय लिया गया

Scanned with CamScanner

Page No.
Date

6) महाविद्यालय के विज्ञान संकाय मे प्रायोगिक कार्यों को वरियता से करवाने का निर्णय लिया गया। ताकि प्रायोगिक कार्य समयपर पूर्ण हो सके।

7) ब समिति ने वार्षिक खेलकूद एवं अपनी कक्षाओ मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चो को वार्षिक उत्सव समारोह मे सम्मानित करने का निर्णय लिया गया

8) Faculty development Programme के तहत महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री शिवराम सिंह श्याम को ओरिएन्टेशन कार्यक्रम हेतु भेजे जाने का निर्णय लिया गया।

9) छात्र-छात्राओ की आगामी परिक्षाओ को देखते हुए उनके लिए अलग से कक्षाए लगाने का भी निर्णय लिया गया जिससे विद्यार्थी अपनी शंका का समाधान कर सके।

अंत मे महाविद्यालय के समग्र विकास हेतु प्रयास करते रहने के संकल्प के साथ बैठक का समापन किया गया। आज की बैठक मे निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे।

1) श्री शिवराम सिंह श्याम (सहायक प्राध्यापक वाणिज्य) [signature]
2) डॉ. डी.पी चन्द्रवंशी (सहायक प्राध्यापक हिन्दी) [signature]
3) श्री रामचन्द्र कुम्भकार (सहायक ग्रेड-3) [signature]
4) श्री दीपक गुप्ता (प्रयोगशाला तकनीशियन) [signature]
5) सुभाषनी चन्द्रवंशी Subhasini

[signature] [signature]

डॉ. मुकेश कुमार त्यागी
(सहायक प्राध्यापक रसायन)
संयोजक IQAC

डॉ. अविनाश कुमार लाल
प्राचार्य

प्राचार्य
अटल बिहारी वाजपेयी
शासकीय महाविद्यालय
पाण्डातराई, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

Scanned with CamScanner

Page No.
Date

# आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

## आठवीं बैठक
दिनांक - 15/05/2020

आज दिनांक 15/05/2020 को IQAC की बैठक प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता मे प्राचार्य कक्ष मे अपरान्ह 2:00 बजे से आयोजित की गई है। आज के बैठक के कार्यवाही का विवरण इसप्रकार है।

1) सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय द्वारा समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए कार्यवाही की शुरुआत की गई। IQAC के संयोजक डॉ. मुकेश कुमार त्यागी ने सदस्यों को बैठक के एजेन्डे की बिन्दुवार जानकारी दी।

2) समिति ने प्रथमतः पूर्व मे प्रस्तावित कार्यो की विस्तृत समीक्षा की और कार्यो की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया

3) कोविड -19 के संक्रमण के कारण स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के लिए शासन के निर्देशानुसार online class के माध्यम से पाठ्यक्रम को समय सीमा मे पूर्ण करने का निर्णय लिया गया।

4) महाविद्यालय के NAAC प्रत्यायन को ध्यान मे रखते हुए महाविद्यालय की website को अपडेट कराने का निर्णय लिया गया। महाविद्यालय से सम्बंधित समस्त अद्यतन सूचनाए website मे अपडेट की जाएगी।

5) महाविद्यालय की प्रवेश विवरणिका को अपडेट कराने का निर्णय लिया गया।

Scanned with CamScanner

Page No.
Date

6) कोविड-19 के संक्रमण को देखते हुए महाविद्यालय के समस्त कर्मचारि व अधिकारियों के लिए मास्क व सेनिटाइजर का प्रयोग करना अनिवार्य किया गया साथ ही महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई व सेनिटाइजेशन कराने का निर्णय लिया गया साथ ही सामाजिक दूरी बनाना भी बनाना अनिवार्य होगा।

अंत में महाविद्यालय के समग्र विकास हेतु प्रयास करते रहने के संकल्प के साथ बैठक का समापन किया गया। आज की इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे।

1) श्री शिवराम सिंह श्याम (सहा. प्राध्या. वाणिज्य)
2) डॉ. डी पी चन्द्रवंशी (सहा. प्राध्या. हिन्दी)
3) श्री रामचन्द्र कुम्भकार (सहा. ग्रेड-3)
4) श्री दीपक कुमार गुप्ता (प्रयोगशाला तकनिशियन) Gupta
5) सुभाषनी चन्द्रवंशी Subhashi

डॉ मुकेश कुमार त्यागी
संयोजक IQAC

डॉ अविनाश कुमार लाल
प्राचार्य प्राचार्य/चेयरमेन
अटल बिहारी वाजपेयी
शासकीय महाविद्यालय
पाण्डातराई,जिला–कबीरधाम(छ.ग.)

Scanned with CamScanner